# सपने पूरे करने के लिए बढ़ाएंगे सुविधाएं : जितिन

आगमन

- प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने एचबीटीयू में मेधावियों को किया सम्मानित
- बोले- इंफ्रास्ट्रक्चर व फैकल्टी की कमी को किया जाएगा दूर

जागरण संवाददाता, कानपुर : पहली बार यहां आया हूं और सिर्फ छात्रों से मिलने ही आया हूं। आपके सपनों को साकार करने के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। मेरा सौभाग्य है कि हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) के 100वें वर्ष में आने का मौका मिला। ये बातें प्राविधिक शिक्षामंत्री जितिन प्रसाद ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित शैक्षणिक संवाद एवं वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि आपके लिए हर पल कीमती है। आपमें बहुत जोश है। बड़ा सोचिए, पर अहंकार मत आने दीजिए। टेक्निकल डिपार्टमेंट में बहुत परिवर्तन आने वाला है। बोले, इंडस्ट्री और इंस्टीट्यूट का समन्वय कराया जाएगा। प्लेसमेंट को और बेहतर बनाने का प्रयास है। इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी की कमी को दूर किया जाएगा। उन्होंने भाषण ने दौरान कुलपति की चुटकी ली। कहा कि आप राजनीति में आ सकते हैं। सरस्वती जी की पूजा तो करवा दी अब लक्ष्मी पूजन बाकी है, जिससे विवि का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो सके। कुलपति प्रो. शमशेर ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अन्य कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि विवि में फार्मेसी, नर्सिंग, मैनेजमेंट के कोर्स चालू करने की तैयारी चल रही है। कुलसचिव प्रो. नीरज सिंह, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. रीना सिंघल मौजूद रहे।



एचबीटीयू में आयोजित शैक्षणिक संवाद में छात्र-छात्राओं के सवालों का जवाब देते प्राविधिक शिक्षा मंत्री जितिन प्रसाद (बाएं)। साथ में कुलपति प्रो .शमशेर ● जागरण



शैक्षणिक संवाद एवं पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएं ● जागरण

**संसाधन देने से आगे बढ़ेंगे : जितिन** प्रसाद प्राविधिक शिक्षा निदेशालय और डा. आंबेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी फार हैंडीकैप्ड (एआइटीएच) गए। उन्होंने एआइटीएच में 108 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। छात्रों से कहा कि सरकार तकनीकी संस्थानों में सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दे रही है।

निदेशक प्रो. रचना अस्थाना ने संस्थान की जानकारी दी। एआइटीएच में चल रहे पाठ्यक्रमों को अनुदानित करने की मांग की। डिप्लोमा के अयोध्या प्रसाद मौर्या व तान्या त्रिवेदी ने भोजन में हर महीने 250 रुपये मिलने वाले सब्सिडी को बढ़ाने की मांग की। प्राविधिक शिक्षा निदेशक मनोज कुमार, डा. गौरव चंद्रा, डा. धीरज पांडेय, डा. अनुज श्रीवास्तव, डा. मनीष सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

## आग बुझाने वाले व हेलीकाप्टर ड्रोन बनाए

माडल प्रदर्शनी में छात्रों ने आग बुझाने वाले ड्रोन, हेलीकाप्टर ड्रोन, सेंसरयुक्त उपकरण दिखाए। दीपिका जुनेजा, विकास राजपूत, अक्षयदीप वत्सल, अक्षय सिंह, हर्ष चौधरी, शुभम गुप्ता, शुभि, निकिता मिश्रा, कार्तिक, चंकी ने ड्रोन व हेलीकाप्टर बनाए। भारत प्रताप सिंह, प्राची पाल, जया, साक्षी, मंजरी, श्रेया, प्रद्युम्न, ओमजी अवस्थी ने रेन सेंसिंग रूफ का माडल दिखाया। मयंक खन्ना ने सेंसरयुक्त सैनिटाइजर बनाया।

## छात्रों को सम्मानित किया

शैक्षणिक और अन्य क्रियाकलापों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें दीपिका जुनेजा, शिवांशु कुशवाहा, तुषार भाटिया, कार्तिक चौहान, अभिषेक ओझा, देव तिवारी, कंचन सिंह राठौर, जागृति सचान, युवराज सिंह, रोली यादव शामिल हैं।

Scanned by CamScanner